This point I wish to touch is that it has been said that after Parliament is convened, when the Government is aware that there is going to be the Budget Session of Parliament, why they should make this price-rise. Not just this is the Budget Session. They issued summons. After issuing summons, they are hiking the prices. It is more a sacrilege. At least before issuing the summons, before convening Parliament, if they had hiked the prices, we can understand. They issue the summons and thereafter understand that there should be a hike in the prices. How is this done? There is no urgency. For nearly two and a half years, nearly 30 months, the former Government had been waiting. It is not such an imminent thing that you should do just three or four days before the Parliament convening.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Swaminathan, kindly be brief.

SHRI G. SWAMINATHAN. As mentioned, it is a impropriety. It is an impropriety committed by the previous Government of the Congress party to which the Vice-Chairman belongs. The United Front Government has also committed the impropriety. It is in power. The only party which has not committed this impropriety is the BJP. They had been in power only for a few days. if they had continued for a few more days, most probably, this

impropriety might have been done. I do not know. But regarding my party, I am very sure that we will not commit it because we will not come into the Government. So, that is the point. But I would only say that even when Mr. R. Venkataraman was the Chairman, not only the administered prices of petrol and other things but the Customs notifications were also referred to the PLOT Committee when I was a Member. The Customs and excise people put some notice here wherein they used to hike the prices and the Customs and excise duties. Since these things are repeatedly happening whatever Government is there, I would suggest that a resolution be passed by the the parties here that such a hike in administered prices should not be done whichever party is there so that it may be binding on all the parties.

Then I suggest that there should be an Administered Prices Commission just like the Agricultural Prices Commission. Whenever the question of agricultural prices is taken up, the Agricultural Prices Commission, composed of eminent economists takes a decision and once the decision is taken by them, then the Government takes a decision. Regarding the administered prices, why can't there be an atonomous statutory body like the Administered Prices Commission, composed of economists and people who have got financial background which can take a decision?

Finally, I strongly condemn the price rise and very strongly side with the BJP, the CPI and the CPI(M) in condemning the price rise in the petroleum products and hope that there will be more occasions for them to criticise the Government. Finally, I hope the Government will immediately withdraw this price rise and will not resort to it. Otherwise, there will be a steep rise in the prices of all commodities in days to come

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, एक ऐसी सरकार, जो गरीबों के नाम पर, मुफलिसों के नाम पर, किसानों के नाम पर बनी है, ...(**व्यवधान**)... एक ऐसी सरकार, जिसके प्रधानमंत्री किसान पुत्र हैं, ...(**व्यवधान**)...

श्री सोमपाल: आपकी अपनी है, आपके समर्थन से बनी है। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस० एस० अहलुवालिया: हां, बनी है। भाई। (**व्यवधान**)

श्री अजीत जोगी: उसको हमने समर्थन दिया था बड़ी आशाओं के साथ, आकांक्षाओं के साथ, पर यह जो कुठाराघात किया गया है भारत की जनता के साथ पेट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतों को एक साथ इतना बढ़ा कर कि पूरे देश के इतिहास में एक बार में इतनी पैट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतें कभी नहीं बढ़ी थीं। इसकी मैं अपनी ओर से, अपनी पार्टी की ओर से घोर भर्त्सना करता हूं। हम न केवल सदन के अंदर इसका विरोध कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बात गरीबों के खिलाफ है, यह बात आम जनता के खिलाफ है। यह बात उपभोक्ता के खिलाफ है। इसका न केवल सदन के अंदर ही कांग्रेस विरोध करती है बल्कि सदन के बाहर भी शहरों में, गांवों में, गलियों में, कूचों में, सब जगह हम लोग, हमारे कांग्रेस के जन इसका विरोध करते हैं। (**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह: कांग्रेस विरोध नहीं कर रही है, आंसू बहा रही है। ...(**व्यवधान**)...

श्री अजीत जोगी: उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे यह कहते हुए ताज्जुब भी होता है, आश्चर्य भी होता है, दुख भी होता है कि जब हमारी सरकार थी और हम पैट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतें बढ़ाते थे तो यह कहकर विरोध किया जाता था कि एडमिनिस्टर्ड प्राइसेस हैं और इसको बिना सदन की अनुमति लिए, बिना बजट में प्रदर्शित किए नहीं बढ़ा सकते। जब हम यह कीमतें बढ़ाते थे तो जितने हमारे दोस्त आज सत्ता में बैठे हुए हैं, जितने हमारे दोस्त ट्रेजरी बैंचेज में बैठे हुए हैं, ये सदन को नहीं चलने देते थे। इसका ये घोर विरोध करते थे। आज मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि या तो आप यह कह दें कि जो कुछ कांग्रेस तब कर रही थी वह सही था और या फिर आप यह मान लें कि आपने जो किया है वह गलत बात थी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारा इतिहास यह रहा है कि जब भी हमने एडमिनिस्टर्ड प्राइसेस के नाम पर इन पैट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतों को बढ़ाया है तो सदन के सत्र प्रारंभ होने के दो महीने पहले, तीन महीने पहले

सोच कर, समझ कर बढ़ाया है। आपने तो सदन की इतनी घोर अवमानना की है कि 3 तारीख को, जबकि 10 तारीख को सदन प्रारंभ होने वाला है, 3 तारीख को यह कीमतें आपने बढ़ाई हैं। यह एक ऐसा काम है, जिसके लिए भारत का कोई भी नागरिक, भारत का कोई भी उपभोक्ता आपको माफ नहीं करेगा। इसलिए मैंने कहा था कि हमारी बड़ी आशाएं थीं कि आप गरीबों के लिए, मुफलिसों के लिए, किसानों के लिए काम करेंगे, परन्तु आपने यह एक ऐसा काम किया है कि जिससे हमारी आशाओं पर बहुत बड़ा कुठाराघात हुआ है। एक बात, जिसका उल्लेख किया गया ...**(व्यवधान)**... यह कहा गया, गुरुदास दासगुप्त जी ने कहा, कि हमें यह इसलिए करना पड़ा क्योंकि कांग्रेस की सरकार ने दो साल तक यह कीमतें नहीं बढ़ाई थीं। ..**(व्यवधान)**..

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I did not say that. *(Interruptions)* I only said that it is a legacy of the past and a mismanagement of the federal finance. *(Interruptions)*

SHRI AJIT P.K. JOGI: I agree with Mr. Gurudas Das Gupta. He said that this is a legacy of the past, thereby he impleaded that they had to do it because of the fault of the Congress Government. I strongly contradict it. I strongly protest against it. *(Interruptions)*.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What is the evaluation about the Planning Commission?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Gurudas Das Gupta, you have made your point. Let him speak.

श्री अजीत जोगी: हमने 40 साल सरकार चलाई है देश में, हम जानते हैं कि सरकार कैसे चलाई जाती है। हमारे वित्त मंत्री डा॰ मनमोहन सिंह जी यहां बैठे हैं। हमने दो साल तक पैट्रोलियम की कीमतें नहीं बढ़ने दीं और अगर जनता ने जनादेश देकर हमारी सरकार बनाई होती तो मैं आपको यह गारंटी देता हूं कि हम फिर भी कीमतें नहीं बढ़ाते। आपने कीमतें बढ़ाई हैं। हम जानते हैं कि वित्तीय अनुशासन क्या होता है, किस तरह से देश चलाया जाता है। आपने केवल 10,000 करोड़ रुपए प्राप्त करने के लिए देश की जनता को इतनी तकलीफ में डाल दिया, डीज़ल की कीमतें बढ़ा दीं, रसोई गैस की कीमतें बढ़ा दीं, पैट्रोल की कीमतें बढ़ा दी! इससे केवल इन्हीं तीन-चार चीजों की कीमतें नहीं बढ़ती हैं, सारी चीजें ..**(व्यवधान)**..

रसायन व उर्वरक मंत्री (श्री शीश राम ओला): आप डीज़ल को किसान से संबंधित नहीं मानते क्या, आप फर्टिलाइज़र कॉमन नहीं मानते क्या?

श्री अजीत जोगी: मैं फर्टिलाइज़र पर भी आ जाऊंगा, अगर आप कहेंगे तो। पर मैं यह कह रहा हूं कि आपने आम उपभोक्ता चाहे वह वेजिटेबल लेता हो, चाहे फ़ल लेता हो, चाहे चावल लेता हो, चाहे गेहूं लेता हो, आपने इन सब की कीमतें बढ़ा दीं और बाद में जब पूरे देश में हल्ला मचा तो आपने थोड़ी सी कीमतें कम कर दीं डीज़ल की। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस तरह से वित्तीय प्रशासन नहीं चलता है। एक बार अगर कीमत बढ़ जाए, उपभोक्ता के लिए अगर कीमत बढ़ गई है तो आप कितनी भी कीमत कम कर देंगे, वह कम नहीं होगी। अगर उसने सब्जी का भाव बढ़ा दिया है, आलू का भाव बढ़ा दिया है, दाल का भाव बढ़ा दिया है, चावल का भाव बढ़ा दिया है तो आज जो आपने डीजल का भाव कम किया है, इससे उपभोक्ता को कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए यह जो आपने भाव बढ़ाए हैं, यह आपने बहुत गलत काम किया है, घोर और जघन्य अपराध किया है, अक्षम्य पाप किया है, इसके लिए आपको क्षमा नहीं मिलेगी। आपने देश की जनता के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया है। आज हालत यह हो गई है कि सुरेश पचौरी जी बिना नाश्ता किए यहां आए हैं क्योंकि इनकी पत्नी ने आज रसोई गैस नहीं होने के कारण नाश्ता नहीं बनाया।

तो, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि यह जो कीमतें बढ़ाई गई हैं, इनको तत्काल वापिस लिया जाए और भारत की जनता के साथ जो आपने अन्याय किया है, उसे न्याय में परिणत किया जाए।

श्री संजय डालमिया: सर, यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि ये किस चीज़ का विरोध कर रहे हैं। ..**(व्यवधान)**..

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: यह आपकी समझ के बाहर है, समझ आएगा कहां से?

श्री संजय डालमिया: आपको नहीं समझाऊंगा, आप समझेंगे नहीं।

सर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में क्या आवश्यक वस्तुओं पर सेल्स टैक्स है या नहीं, यह मैं जानना चाहता हूं? अगर राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में आवश्यक वस्तुओं पर भी सेल्स टैक्स है, तो क्या वहां पर सेल्स टैक्स लगाने से कीमतों में वृद्धि होती है या नहीं होती है? अगर वहां वृद्धि होती है तो ..**(व्यवधान)**.. आप मुझे बोलने देंगे या नहीं ..**(व्यवधान)**..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly take your seats. ..*(Interruptions)*... Mr. Dalmia, you raise your points. Don't quarrel with them. ...*(Interruptions)*...

AN HON. MEMBER: Sir, I am on a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No point of order ..*(Interruptions)*...

श्री राम दास अग्रवाल: राजस्थान ने कोई टैक्स नहीं लगाया 6 साल से। ..**(व्यवधान)**..वे गलत बोल रहे हैं, इनको पता नहीं है तथ्यों का। ..**(व्यवधान)**.. राजस्थान सरकार ने गए 6 सालों में एक पैसा भी टैक्स नहीं लगाया है। ..**(व्यवधान)**..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Agarwalji, if the hon. Member gives a wrong fact, you give notice. *(interruptions)*

SHRI SATISH AGARWAL: It is not a question of privilege, Sir. It is a question of ...*(Interruptions)*...

श्री संजय डालमिया: मेरे को बोलने का मौका भी नहीं दे रहे हैं। अगर आपने सेल्स-टैक्स लगाया है ..**(व्यवधान)**..

श्री सतीश अग्रवाल: आप बोलिए, बोलने में कोई आपत्ति नहीं है, आपको हम सुनेंगे लेकिन गलत बात मत करिए। राजस्थान में पिछले 5 वर्षों में एक भी नए पैसे का टैक्स नहीं लगाया गया है बल्कि लोगों को सेल्स-टैक्स में राहत दी गई है ..**(व्यवधान)**..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly take your seats *(Interruptions)*. Kindly take your seats. *(Interruptions)*... You kindly take your seats. *(Interruptions)*.... You kindly take your seats. *(Interruptions)* ..

SHRI MD. SALIM (West Bengal:) The hon. Member has a right to speak. *(Interruptions)*... I would like to know whether the hon. Member has a right to speak or not. *(Interruptions)*... What is this? *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly take your seats *(Interruptions)*... Let the hon. Member speak. *(Interruptions)*... There are other Members to speak. ... There is Mr. John Fernandes. *(Interruptions)*... There is another Member from Shiv Sena. *(Interruptions)*...Kindly take your seats. *(Interruptions)*... Mr. Dalmia, you please speak. *(interruptions)*.. Mr. Malhotra, you have raised the issue. ..*(interruptions)* Let other Members also speak. *(Interruptions)*...

Then I will not give you an opportunity to speak hereafter. *(Interruptions)*... Several Members are there. *(Interruptions)*...

श्री संजय डालमिया: मैं यह कह रहा था कि सच्चाई कड़वी होती है ..**(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त: मेरी आपसे गुज़ारिश है कि इस विषय पर और लोगों को भी बोलने का मौका दिया जाए .**(व्यवधान)**

[श्री सिकन्दर बख्त: मेरी आपसे गुज़ारिश है कि इस विषय पर आप लोगों को भी बोलने का मौका दिया जाए ...व्यवधान]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I agree with the Leader of the Opposition. There are three more Members to speak on the subject. *(Interruptions)*... Mr. Dalmia, you kindly speak on the subject. *(Interruptions)*... You go to the next point. *(Interruptions)* ..

SHRI SATISH PRADHAN: Sir, ... *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I will call you. *(Interruptions)*. .

श्री संजय डालमिया: मैं यह कह रहा था कि आवश्यक वस्तुओं पर सेल्स-टैक्स स्टेट गवर्नमेंट ने पहले भी लगाया है **(व्यवधान)** तो आप यह कैसे कह

[ ] Transliteration in Arabic Script.

सकते हैं कि पेट्रोल का दाम यहां पर बढ़ाया और यहां पर और चीजों के दाम बढ़े हैं? आपने भी तो वही किया है। खाली क्रिटिसिज्म के लिए क्रिटिसिज्म बहुत खराब बात है ...(व्यवधान)

दूसरी बात यह है कि पेट्रोल और डीज़ल की प्राईस क्या पहली दफा बढ़ी है? आज तक क्या पेट्रोल और डीज़ल की प्राईस नहीं बढ़ाई गई इस मुल्क में? पिछले 5-7 सालों में क्या इनकी कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं? अगर बढ़ाई गई हैं और अब बढ़ रही हैं तो ऐसा क्या तमाशा हो गया? यह बात अलग है कि पार्लियामेंट बुलाने से 5-7 दिन पहले यह नहीं करके पार्लियामेंट की अनुमति से इसको करना चाहिए था पर यह कहना गलत है कि पेट्रोल की प्राईस अगर बढ़ी तो खराब हो गया।

श्री संजय डालमिया: आप प्राइस बढ़ाते तो ठीक है, लेकिन हम बढ़ा रहे हैं तो गलत है ...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री वी॰ नारायणसामी): काइंडली कांक्लूड।

श्री संजय डालमिया: तो कहने का मतलब है कि खाली क्रिटिसिज्म हो रहा है। खुद यह करते थे और यहां पर हुआ तो क्रिटिसाइज कर रहे हैं। यह मेरे कहने का मतलब है।

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Sir, the House was summoned by the President to meet for the Budget Session. I think it is for you to decide whether a breach of privilege has been committed by the Finance Minister. We don't know when the process of a session starts. I think it starts with the summoning of the House by the President. Then we start putting questons to various Ministries. Sir, the Minister has increased the prices of petroleum products by 25 per cent. Then he decreased the price of diesel by 15 per cent. I don't think it will benefit the common man because it is basically used by the industry and it is also used by the Railways and the public sector undertakings. It is also used for the public transport. I don't think in no way it will help the common man in general. Undoubtedly the prices will increase indirectly. When objections were raised in the House that private sector L.P.G. should not be permitted to increase prices and they should be in line with the Government prices, the Government came forward with an argument saying that it was a free enterprise. The Government now justifies the increase in the price of LPG. They say that they have increased the prices to bring these in line with the private sector. I think there was a nexus between the private sector and the Government to increase the prices.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, he has to substantiate it.

SHRI JOHN F. FERNANDES: What is this? I have raised it in the House. It is for the Minister to say that there is no nexus ...*(Interruptions)*. Sir, my colleague wants me to substantiate it. I think it is for the Minister to say, "It is not."

Then, Sir, the Minister of Environment and Forests wants to protect the forest reserves. I think it will be proper for the Government to reduce the price of LPG in case they want to protect the forest reserves.

I would like to request the Government to reduce the prices of petroleum products immediately. Whenever there is hike in prices in the Union Budget, there is a chaos in the transport sector throughout the country. We don't have any mechanism to control it. Whenever there is price rise, there will be strikes. The other day there was a strike in Mumbai. Today there is a strike in Delhi. There should be some sort of a mechanism. When the prices are increased by 25 per cent, then the Government automatically should increase the fare of public transport in order to avoid a chaos in the country. Thank you.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Sir, I rise with a heavy heart.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Please, be brief.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, I crave your indulgence. This a very serious issue. We cannot pretend to sweep it under the carpet.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, Shrimati Renuka Chowdhury has not been made a Minister. This is a more serious issue.

MISS SAROJ KHAPARDE (Maharashtra): Sir, there is only one lady Minister. It is very unfortunate. We are expecting her to be in the Cabinet.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Thank you for the support. The main focus of this whole debate is the price that is going to be paid for this price hike by the women of this country. It is irrelevant whether taxis and buses go off the roads, it is irrelevant whether salary or pay cheques don't reflect, it is irrelevant whether inflation goes up all over India because the responsibility of running homes and feeding the children, i.e. the citizens of tomorrow, lies with the women.

1.00 P.M.

Crime, and organised crime is going to rise further because you have a rising percentage of umemployed youth who are going to use education as a weapon against the system. So, it is with a sense of dual responsibility that I speak. I belong to this Government which had raised the prices in a rather ham-handed manner just before we came to the Budget session. It is in a sense, a breach of trust of the citizens of this nation who voted this Government to power. The United Front came into being reflecting the regional ethos. The common man refused umbrella parties and said that they were concerned as they did not have drinking water or roads. They felt that the people who were at the helm of affairs in the States would help them. In a way, there is an overwhelming sense of collective failure. Obviously, we did not speak enough. I would be failing in my duty if I did not raise this issue in the Parliament today. It is women like us who are going to pay a price. Gender discrimination is going to rise. The girl-child will be further discriminated against. She will not be fed. She will not get nutritious food. The rise in the LPG price is going to affect us. It is a substantial price-rise. However, it is also with another sense of responsibility that I appeal to all the Members across the floor of the House. The nation is above all. We all have a collective responsibility. If you have a magic formula whereby we do not have to raise the price and yet we could solve our problems, please do not hesitate to come forward with that magic formula. I am sure the United Front is open minded enough to accept solutions from all of you who have had greater years of experience in governance. Please come forward and give us a solution so that I can stand and fight for it. The fifty per cent of the population that consists of women is being discriminated against because it is we who have to make a choice, whether to spend the money on educating the children or whether to spend it on nutritious food or whether to spend it on health care ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly conclude. Do not get into arguments with the other lady Members of this House ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I am concluding. I would request all of you to come forward with a formula ...*(Interruptions)*...

एक माननीय सदस्य: सरकार आप चलाएंगी, फार्मूला हम दें? ...(व्यवधान)...

श्रीमती रेणुका चौधरी: फिर आप ही तो बोल रहे हैं, इसीलिए आप से सलाह लेना चाह रही हूं। ...(व्यवधान)... आप लोग चला कर देखें। कोशिश तो जरूर करें आप। ...(व्यवधान)... आवाम हमारे साथ है। ...(व्यवधान)...

I do not want to join issues with all of you ...*(Interruptions)*...

AN HON. MEMBER: If the Government takes into account the pilferage, at least, Rs. 2000 crores would be saved.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: This is a valuable suggestion and I am sure the Government will apply

its mind. The Congress Party can also give some valuable suggestions. I am sure the Ministers who are on the roster duty have taken note of this suggestion. Thank you very much.

श्री सोमपाल (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की तीन कारणों से आलोचना की गई। एक तो यह कि ये क्यों की गई? दूसरा यह है कि इतनी बढ़ोत्तरी क्यों की गई और तीसरा यह कि सदन के सत्र से ठीक पहले क्यों की गई? पेट्रोलियम पदार्थों के विषय में जिस प्रकार की प्रतिक्रियाएं हुई हैं सदन में, ये अप्रत्याशित तो नहीं हैं पर इनके पीछे राजनीतिक कारण अधिक रहता है और मैं यह आशा करता था कि ...**(व्यवधान)**... मैं यह आशा करता था कि भारतीय जनता पार्टी जो स्वयं सरकार में रह चुकी है उनकी प्रतिक्रिया अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण होनी चाहिए थी और कांग्रेस दल के लोग जो सौभाग्य से हमारी सरकार का समर्थन कर रहे हैं और जो इतने दिनों तक सरकार स्वयं चला चुके हैं, उन से तो मुझे अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण प्रतिक्रिया की प्रत्याशा थी।

पेट्रोलियम पदार्थों के विषय में उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं और वह स्वयं इस बात को जानते भी हैं, यह दूसरी बात है कि वह जान-बूझकर इसे अनदेखा कर रहे हैं। पेट्रोलियम पदार्थ अधिकतर आयात किये जाते हैं। वहां किसी रिश्तेदार की दुकान नहीं खुली हुई कि वह मुफ्त में आ जाएं। यह भार सारे राष्ट्र पर पड़ता है, प्रत्येक नागरिक पर पड़ता है। इसके लिए हमें संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है। **(व्यवधान)**

SHRI N.K.P. SALVE (Maharashtra) Of the total petroleum sector, what percentage do you export and what percentage do you produce in India?

SHRI SOM PAL: I am coming to percentages also. I don't think that I need to teach you percentages. You know about percentages better because you had been running the Government for a long time...

SHRI N.K.P. SALVE: I want to hear from you.

SHRI SOM PAL: If you come to percentages,

जितनी हम अपने निर्यात से आय करते हैं, जितनी एक्सपोर्ट अर्निंग होती है उसका 20 प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर व्यय होता है। यह परसेंटेज है।

SHRI N.K.P. SALVE: That is not my question.

SHRI SOM PAL: But it is a very relevant question. May be, this is not your question. But I entreat you...(*Interruptions*) It is a fact of life. You must appreciate that 20 per cent of the total export earnings are being spent on petroleum...(*Interruptions*) It is a hard fact of life...(*Interruptions*)

SHRI N.K.P. SALVE: If you yield, I will put my question. If you don't yield, I will sit down...(*Interruptions*) Do you want to yield? (*Interruptions*)

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: सारी दुनिया में प्राइस कम हो रही है, फिर हिन्दुस्तान में क्यों बढ़ा दी है? **...(व्यवधान)** पेट्रोल के प्राइस सारी दुनिया में सबसे ज्यादा यहां हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Som Pal, you make your point. The Minister is there to answer all the questions.

श्री सोमपाल: मैं यह कहा रहा था कि सारे निर्यात की आय का **20 प्रतिशत पेट्रोलियम** पदार्थों के आयात पर खर्च होता **है और उत्तरदायी** सरकार होने के नाते इस सरकार के सामने प्रश्न यह था कि **इस** आयात के लिए संसाधन कहां से मुहैया कराए जाएं? अगर नहीं कराते तो ऐसे संकट में फंस जाते जैसे पिछले वर्ष कांग्रेस सरकार ने हमें फंसाया था। कई दिन तक पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई डिसरप्ट हो गयी थी, सारे देश में कोहराम मच गया था। उसके लिए पैसा कहां से आता, संसाधन कहां से आते? रही आयल पूल, अकाउंट की बात, तो यह सब जानते हैं कि यह सैल्फ बैलेंसिंग अकाउंट है, अपने आपको स्वयं संतुलित करने वाला खाता है, इसके लिए इसी खाते में से संसाधन आने आवश्यक होते हैं। इसी का **यह** कारण है और इसका भार किसके ऊपर डाला जाए **इस** बात को दृष्टिगत रखते हुए हमने यह निर्णय किया कि उत्तरदायी सरकार होने के नाते हमें यह संशोधन लाना है, इसलिए दाम बढ़ाने आवश्यक हैं। पर एक संवेदनशील सरकार होने के नाते जो कमजोर वर्ग था, कृषि का जो क्षेत्र था, उसमें जब डीजल की कीमत को बढ़ाया गया तो जितनी वृद्धि की गयी थी, उसमें से 50 प्रतिशत वापिस करके रोल बैक करके उसे घटाया गया, 30 प्रतिशत से 15 प्रतिशत कर दिया गया, इसका एक ऐतिहासिक कारण है। जब यह कहा जाता है कि इतनी ज्यादा कीमत क्यों बढ़ायी गयी तो इसका एक

हिस्टेरिकल रीज़न है। 30 महीने तक कांग्रेस की सरकार ने जान-बूझकर इन कीमतों की वृद्धि को रोके रखा।

श्री सुरेन्द्र कुमार सिंगला: अच्छा किया।

श्री सोमपाल: अच्छा नहीं किया। अपने राजनीतिक स्वार्थ और सस्ती लोकप्रियता के कारण चुनाव का वर्ष होने के कारण आपने 30 महीने तक इस अकाउंट का कुप्रबंध किया।

श्री सुरेन्द्र कुमार सिंगला: 30 महीने तक चुनाव नहीं होते।

श्री सोमपाल: जब आपके प्रतिनिधि बोल रहे थे तो मैंने नहीं रोका था, मैं क्षमा चाहता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर इस वर्ष कीमत नहीं बढ़ायी जाती तो पिछले वर्ष पेट्रोलियम के आयात का 22 हजार करोड़ बिल था। आठ प्रतिशत अधिक मांग की वृद्धि इस वर्ष होनी थी जो हर वर्ष होती है। तो 25 हजार करोड़ की आवश्यकता पड़ती। तो मैं अपने सभी साथियों से यह पूछना चाहता हूं, जो विपक्ष के हैं, जो समर्थक हैं और सहयोगी भी हैं कि यह धन कहां से आता? इसका उत्तर कोई देने का प्रयास नहीं करेगा, आलोचना करना आसान है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly conclude.

श्री सोमपाल: रही यह बात की बजट सत्र से पूर्व इसे क्यों बढ़ाया गया तो मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि प्रशासित मूल्यों का बजट से कोई संबंध नहीं है। बजट से कोई समर्थन इस पूल अकाउंट को, आयल पूल अकाउंट को नहीं मिलता। There is no budgetary support made available to the Oil Pool Account. It is self-balancing account और इन कम्पनियों के अपने खातों को स्वयं संतुलित होना पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक था नहीं तो इन पदार्थों का उपलब्ध होना कठिन हो जाता। और एक छोटी सी बात मैं कहूंगा कि रसोई गैस के विषय में कहा जाता है, यहां शहर में बैठने वाले लोग कहते हैं कि आम आदमी के ऊपर, गरीब के ऊपर असर पड़ रहा है। क्या आप जानते हैं कि 40 प्रतिशत गरीबी के रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को रसोई गैस की कोई जानकारी नहीं है, वहां कोई डिपो नहीं है, उनके पास कोई उपलब्धि नहीं है। यह भी एक तथ्य है कि पूरे देश में सबसे सस्ती और सबसे सुविधाजनक ईंधन रसोई गैस है और आज भी 62 रुपये प्रति सिलेण्डर सब्सिडी उसके ऊपर है और पूरे पेट्रोलियम उत्पादों पर पांच हजार करोड़ रुपये अभी भी सब्सिडी है। यह सब संसाधन कहां से आते? और उन गरीबों के लिए क्या किया जाये जिनको अधिक असुविधाजनक और ज्यादा महंगे ईंधन का इस्तेमाल करना पड़ता है? यह मैं प्रश्न पूछना चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Hon. Members, if the House agrees, I would complete the Zero Hour Mentions and adjourn the House for lunch at 1.30 p.m. because there are only two-three speakers who have to speak now.

SOME HON. MEMBERS: We have demanded the Government's response.

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Minister, would you like to respond now?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU): Mr. Vice-Chairman, Sir, I will reply tomorrow.

श्री राजनाथ सिंह: इस सब्जेक्ट के अलावा दूसरे सब्जेक्ट पर विचार नहीं होगा।...**(व्यवधान)**...

SHRI SIKANDER BAKHT: Sir, if the Government has to respond, it has to respond now...*(Interruptions)*...

बिल्कुल गलत बात श्री सोमपाल जी ने कही है। उन्होंने कहा है कि साइकिल आफ इन्फ्लेशन इस वृद्धि के जरिए से पैदा हो रही है, उसका इलाज यह नहीं है कि गांवों में उपले जलते हैं या एल०पी०जी० इस्तेमाल होती है। यह एक पूरी साइकिल है।

लहू-लहू हर मंजर है,
तेरे हाथ में खंजर है,
तेरे हाथ में पत्थर है।

इस मुल्क में लोग दुखी हो रहे हैं, उसका इलाज बताइये। मंहगाई **(..व्यवधान..)**

सदर साहब, हमारी डिमाण्ड यह है कि ..The hike in the prices of petroleum products should be withdrawn forthwith... *(Interruptions)*...

†اشرفی مسلکہ بخت: بالکل غلط بات شری سوپال جی نے کہی ہے انھوں نے کہا ہے کہ "سا ئیکل آف انفلیشن" اس وردھی کے ذریعہ سے پیدا ہو رہی ہے۔ اسکا علاج یہ نہیں ہے کہ گاؤں میں پہیے چلتے ہیں یا ایل۔ بی۔ جی استعمال ہوتا ہے یہ ایک پوری سا ئیکل ہے۔

لہو لہو ہر منظر ہے
تیرے ہاتھ میں خنجر ہے
تیرے ہاتھ میں پتھر ہے

اس ملک میں لوگ دکھی ہو رہے ہیں اسکا علاج بتایئے۔ مہینگائی۔۔۔ "مداخلت"۔۔۔ صدر صاحب ہماری ڈیمانڈ ہے کہ۔۔۔

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: ये दाम घटाइये। (..व्यवधान..) बढ़ी कीमतें वापस लो। (..व्यवधान..)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): One minute... *(Interruptions)*... One minute. There is an important announcement to be made by the Civil Aviation Minister. Please bear with me for a few minutes... *(Interruption)*...

SOME HON. MEMBERS: No, no...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Minister, you read your statement. *(Interruptions)*

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): Mr. Vice-Chairman, Sir, with deep sorrow and regret, this is to inform the House that... *(Interruptions)*

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): There is something very serious that the Minister wants to inform the House. *(Interruptions)*

SHRI C.M. IBRAHIM: Sir, ...*(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Minister, you kindly read it again for the benefit of the hon. Members. *(Interruptions)* Please take your seat.

SHRI SATISH AGARWAL: It would have been better if you had informed us in advance.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): When I wanted to inform you, you were making all these noises. *(Interruptions)*

STATEMENT BY MINISTER

Accident of Archana Airways Aircraft at Kandi Near Bhuntar Airport Himachal Pradesh

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): Mr. Vice-Chairman, Sir, with deep sorrow and regret, this is to inform the House that an aircraft bearing registration number VTETCF L410 type, belonging to the Archana Airways, a private operator, has reportedly met with an accident at Kandi, about 20 kilometres South of Bhuntar Airport. This 17-seater aircraft was on a flight from Shimla to Bhuntar. There were nine persons on board—six passengers and three crew members. The aircraft is reported to have lost contact with Bhuntar at 0853 hours. The estimated time of its arrival at Bhuntar was 0854 hours. As per the reports received so far, the aircraft hit the top of a hill.

At present, there is no information about the fate of the passengers and the crew of the aircraft. Search and rescue has been initiated by the Indian Air Force. The Deputy Commissioner and the Superintendent of Police, Mandi